मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.colourdreamz.com
www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–16, अंक–09, सितम्बर 2016

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## समाज की जीवनधारा को दिशा दे रहा है कामधेनु



भारत में सबसे अधिक बिकने वाला नं. 1 टीएमटी निर्माता कंपनी कामधेनु लिमिटेड अपने श्रेष्ठ व्यापारिक आचरण के लिए भी जाना जाता रहा है। अविष्कारी तकनीक और विश्वस्तरीय गुणवत्ता के लिये प्रतिष्ठित कामधेनु ने भारत के निर्माण क्षेत्र में कई क्रान्तिकारी परिवर्तन लाये हैं और नई तकनीक और बेहतर सेवा के माध्यम से देश में सुरक्षित, मज़बूत और टिकाऊ निर्माण को बढ़ावा दे रहा है। साथ ही यह कंपनी गरीब तथा साधनहीन लोगों के जीवन में भी दूरगामी बदलाव लाने के लिए सतत प्रयास करता है।

समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की भावना के साथ कंपनी का समर्पित सोशल विंग, कामधेनु जीवनधारा कंपनी के कारपोरेट सामाजिक दायित्व से जुड़े कार्यकलापों का संचालन करती है। इस दिशा में कामधेनु जीवनधारा की चेयरपर्सन श्रीमती राधा अग्रवाल के समर्पित एवं कुशल नेतृत्व में विगत कई सालों से शिक्षा, स्वच्छता, समाज कल्याण और जरूरतमंद लोगों के समाजिक व आर्थिक विकास हेतु गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

कामधेनु जीवनधारा की चेयरपर्सन श्रीमती राधा अग्रवाल ने बताया कि, ''कामधेनु लिमिटेड की सोच है कि कंपनी के विकास और बढ़ते लाभ का अधिक से अधिक फायदा कंपनी के मैन्यूफैक्चिरिंग युनिट एवं कंपनी कार्यालय के आस–पास के क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों तक प्रभावी तरीके से पहुँचे। कामधेनु लिमिटेड के लिए कारपोरेट सामाजिक दायित्व का भलीभाँति और सुचारू रूप से चलाया जाना एक बड़ी प्राथमिकता है और इस पर मेरी पूरी टीम की ओर से पूरा ध्यान दिया जाता है।''

सामाजिक विकास के लिए समर्पित, कामधेनु जीवनधारा आर्थिक रूप से पिछड़े परिवार के बच्चों की शिक्षा के लिये सहयोग करती रही है। लोगों के स्वास्थ्य और सम्मान के लिए स्वच्छता सुविधाओं की आवश्यकता को समझते हुए, कामधेनु जीवनधारा ने स्वच्छ भारत मिशन को भी विगत दो वर्षों में प्राथमिकता दी है। स्वच्छता सुविधाओं तथा पेयजल आपूर्ति के प्रयासों के लिए समुचित अनुदान देते हुये कामधेनु जीवनधारा ने ग्रामीण क्षेत्रों के कई छोटे स्कूलों को बेहतर बनाने में सहयोग किया है।

दिव्यांगों को अपनी शारीरिक चुनौतियों के वजह से जीवन में सफलता पाने में कठिनाई ना हो इस सोच के साथ कामधेनु जीवनधारा विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं को साथ लेकर सहायक उपकरण वितरण शिविर लगाती है और हियरिंग एड, व्हीलचेयर, बैसाखियों आदि निःशुल्क बँटवाती है। देश के किसी भी क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा होने पर प्रभावित समुदाय के पुर्नवास के लिए राहत राशि जुटाने में भी संस्था ने हमेशा ततपरता दिखाई है।

सामाजिक उत्थान के लगातार चलने वाले कार्यक्रमों के साथ–साथ कामधेनु जीवनधारा समाज को स्वस्थ रखने के लिए भी संसाधन उपलब्ध कराती है। बारिश के बाद के महीनों में डेंगी और चिकनगुनिया की बीमारियों की चपेट से लोगों को बचाने के लिए जागरूकता, जल–जमाव को रोकने और ईलाज के लिए सहायता और सलाह देने जैसे कई काम संस्था द्वारा अभी किए जा रहे हैं।

कामधेनु जीवनधारा पर्यावरण सुरक्षा को अत्यधिक महत्व देती है। विगत कई वर्षो से ग्रीन इंडिया कैंपन नाम से एक अनूठा सामूहिक प्रयास कामधेनु जीवनधारा द्वारा चलाया जा रहा है। कामधेनु जीवनधारा की चेयरपर्सन श्रीमती राधा अग्रवाल ने इस कैंपेन के बारे में बताते हुये कहा, ''ग्रीन इंडिया कैंपन के तहत समूचा कामधेनु लिमिटेट और उनके चैनल पार्टनर्स वृक्षारोपण के जरिये प्रकृति को बचाने की मुहिम से जुड़े हुए हैं। इस अभियान में भारत भर में हर साल कई हज़ार पेड़ लगाए जा रहे हैं।''

**नवरात्र** और **दीपावली** के अवसर पर सबको बधाई देते हुए श्रीमती राधा अग्रवाल ने सभी से आग्रह दिया कि, ''हर किसी को जितना संभव हो गरीबी, बीमारी, प्रदूषण और अशिक्षा जैसे बुराइयों को खत्म करने में अपना योगदान देना चाहिए और जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर हँसी का उजाला बिखेर कर **शुभ दीपावली** मनानी चाहिए।''

# इसरो ने छू ली एक नई ऊँचाई

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने स्क्रैमजेट इंजन का सफल परीक्षण कर पूरे देश को गौरवान्वित होने का एक और मौका दिया। इस अत्याधुनिक स्क्रैमजेट इंजन के सफल परीक्षण के बाद भारत जापान व चीन से आगे निकलते हुए विश्व के कुछ चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है। अमेरिका, रूस और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के बाद स्क्रैमजेट इंजन का सफल परीक्षण करने वाला भारत चौथा देश बना है। स्क्रैमजेट इंजन इसलिए भी खास है कि इस इंजन के उपयोग से उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करने की लागत काफी कम हो जाएगी। सामान्य तौर पर रॉकेट के इंजन में ईंधन के दहन के लिए ईंधन के साथ ऑक्सीजन भी रखी जाती है, जिससे रॉकेट का वजन बढ़ जाता है। रॉकेट का वजन बढ़ने से अंतरिक्ष कार्यक्रम की लागत भी बढ़ जाती है।

स्क्रैमजेट इंजन प्रक्षेपण के वायुमंडलीय चरण के दौरान हाइड्रोजन को जलाने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन वायुमंडल से लेता है और अंतरिक्ष यान व राकेट को हाइपर–सोनिक गति से उड़ने की क्षमता देता है। अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में कम लागत पर नये–नये उपग्रहों का प्रक्षेपण कर इसरो पहले ही अपनी क्षमता का लोहा मनवा चुका है। अब स्क्रैमजेट इंजन का सफल परीक्षण कर इसरो ने एक नई ऊँचाई छू ली है।



## रियो पैरालम्पिक मे दिव्यांग खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन




ब्राजील के रियो डी जनेरियो में चल रहे पैरालम्पिक खेलों में भारतीय दिव्यांग खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 4 पदक अपने नाम कर लिए है। इनमें 2 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक शामिल हैं। पदक जीतकर इन दिव्यांग खिलाड़ियों ने जिस प्रकार से भारत को गौरवान्वित किया है, उससे लोगो का नज़रिया दिव्यांगजन के प्रति बदलने वाला है।

पैरालम्पिक खेलों में मारियप्पन थांगावेलु ने पुरुषों की ऊंची कूद टी–42 स्पर्धा में स्वर्ण जीतकर देश को पहला स्वर्ण दिलाया इसी स्पर्धा में वरुण सिंह भाटी ने भी कांस्य पदक जीता। दूसरा स्वर्ण पद्मश्री से सम्मानित देवेंद्र झाजरिया ने दिलाया। देवेंद्र ने पुरूषों के भाला फेंक स्पर्धा में अपना ही विश्व रिकार्ड तोड़ते हुए 63.97 मीटर भाला फेंक कर नये रिकार्ड के साथ स्वर्ण अपने नाम किया। वहीं साहस और जज़्बे की मिसाल दीपा मलिक ने खड़ी हो पाने में असमर्थता के बावजूद पैरालम्पिक खेलों में देश के लिए रजत पदक जीता है। अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित दीपा का पैरालम्पिक में 4.61 मीटर गोला फेंककर रजत पदक जीतना खेल के क्षेत्र में महिलाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन का भी एक अद्वितीय उदाहरण है।

# पंजाब डीलर्स की बुल्गारिया सैर

देश में निर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनी कामधेनु लिमिटेड द्वारा निर्मित उच्च गुणवत्ता के कामधेनु उत्पादों को उपभोक्ताओं तक पहुँचाने में कामधेनु डीलर्स की भूमिका सराहनीय है। डीलर्स के परिश्रम और प्रतिबद्वता की प्रशंसा कर पुरस्कृत करने के उद्देश्य से कंपनी नियमित रूप से प्रोत्साहन योजना लेकर आती है। हाल ही में कंपनी ने पंजाब के बेस्ट परफॉर्मिंग इस्पात डीलर्स को प्रोत्साहित करने के लिये युरोप के एक बेहद ही खूबसूरत देश बुल्गारिया की सैर का आयोजन किया। 10 से 14 अगस्त के बीच आयोजित इस मजेदार 4 रात–5 दिन की बुल्गारिया यात्रा पर पंजाब के 47 डीलर्स को जाने का मौक़ा दिया गया।

डीलर्स ने इस ट्रिप के दौरान बुल्गारिया के कई सुदर शहरों में सैर पर जाने का आनंद उठाया। वर्ना, बुर्गास और सोफिया के सुंदर और आधुनिक शहरों की सैर करके सभी को यूरोपीय जीवन शैली को जानने और समझने का मौक़ा मिला। इसके बाद पूरी टीम सन्नी बीच पर गई और वहाँ समुद्रतट के सुन्दर नज़ारों का आनंद भी उठाया। डीलर्स को प्रोत्साहित करने और कंपनी के साथ उनके संबंध को और अधिक मज़बूती देने के अपने मक़सद में यह सैर पूरी तरह सफल रही।



# उत्तर प्रदेश में कामधेनु की बढ़ी लोकप्रियता

भारत का नं. 1 टीएमटी ब्राण्ड कामधेनु अपनी गुणवत्ता, आविष्कारी तकनीक और भरोसे के लिए विख्यात है। कामधेनु लिमिटेड देश भर में न केवल सर्वोत्तम गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का उत्पादन और बिक्री करता है, बल्कि देश में सुरक्षित निर्माण को बढ़ावा देकर भारत को सशक्त बनाने पर भी जोर दे रहा है। आम आदमी को अच्छी गुणवत्ता का मकान सुलभ कराने में निर्माण कामगारों की और खासकर राजमिस्त्री की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसीलिए अधिक से अधिक राजमिस्त्री बन्धुओं को अच्छी गुणवत्ता की भवन निर्माण सामग्री चुनने के फायदों की जानकारी देने के लिए कामधेनु लिमिटेड हमेशा ही प्रयास करता रहा है। नियमित रूप से कंपनी उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करती है और देश के विभिन्न भागों में स्थानीय कामधेनु डीलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स तथा कंपनी की मार्केटिंग व क्वालिटी कंट्रोल टीम के सहयोग से राजमिस्त्री बन्धुओं के लिए बैठक आयोजित करती है।

उत्तर प्रदेश में विगत जुलाई और अगस्त महीने में राजमिस्त्री बन्धुओं के लिए कई बैठक आयोजित किए गए। राजमिस्त्री बन्धुओं को कामधेनु टीएमटी रिबार की पूरी रेंज में शामिल उत्पादों की गुणवत्ता और ख़ूबियों के बारे में जानकारी देना, इन सभी मैसन मीट के आयोजन का उद्येश्य था। उपस्थित राजमिस्त्री बन्धुओं को कामधेनु लिमिटेडी के गठन, काम करने के तरीक़े और सोच के बारे में जानकारी देने के लिए भी इस अवसर का उपयोग किया गया।

रायबरेली ज़िले के सारेनी में पहले मैसन मीट का आयोजन किया गया। स्थानीय डीलर मेसर्स शिव इन्टरप्राइज़ेज, सारेनी के प्रोपराइटर श्री सुरेश प्रभु के सहयोग से आयोजित इस मैसन मीट में आस–पास के क्षेत्र के सभी डीलर्स तथा 60 से अधिक राजमिस्त्री शामिल हुए। कामधेनु लिमिटेड की ओर से श्री संतोश शुक्ला, एजीएम–मार्केटिंग, श्री धीरेन्द्र साहू, सीनियर एक्ज़िक्यूटिव और श्री मनोज त्रिपाठी ने मैसन मीट का संचालन करते हुए सभी को जानकारियाँ प्रदान की।

लखनऊ में एक अन्य मैसन मीट का आयोजन स्थानीय डीलर मेसर्स करण ट्रेडर्स, सरोजिनी नगर, लखनऊ के प्रोपराइटर्स श्री श्याम लाल एवं श्री धीरेन्द्र यादव के सहयोग से किया गया। 60 से अधिक स्थानीय राजमिस्त्रियों के साथ लखनऊ के सभी डीलर्स इस मैसन मीट में मौजूद थे। कामधेनु डिस्ट्रीब्यूटर श्री तुषार खंडेलवाल भी मैसन मीट में शामिल हुए। कंपनी की ओर से श्री संतोष शुक्ला, एजीएम–मार्केटिंग, श्री धीरेन्द्र साहू, सीनियर एक्ज़िक्यूटिव, श्री पंकज शुक्ला और श्री मनोज त्रिपाठी ने मैसन मीट का सफल संचालन किया और उपस्थित लोगों में जानकारियाँ बॉटी।

उत्तर प्रदेश के राजमिस्त्री बन्धुओं में जागरूकता फैलाने की इस मुहिम को आगे ले जाते हुए गुजैनी, कानपुर के स्थानीय डीलर मेसर्स गुप्ता योगेश स्टील सप्लायर्स के प्रोपराइटर श्री योगेश गुप्ता के सहयोग से मैसन मीट का आयोजन किया गया। 70 से अधिक निकटवर्ती क्षेत्रों के राजमिस्त्री बन्धुओं के अलावा कानपुर के सभी डीलर्स ने भी इस बैठक में भाग लिया। श्री संतोश शुक्ला, एजीएम–मार्केटिंग, श्री धीरेन्द्र साहू, सीनियर एक्ज़िक्यूटिव, श्री विकास अग्रवाल और श्री मनोज त्रिपाठी सहित कई कामधेनु अधिकारी इस बैठक में आए और उन्होंने उपस्थित राजमिस्त्री बन्धुओं और डीलर्स के साथ संबंधित विषयों पर चर्चा की।

रायबरेली शहर में कांन्ट्रेक्टर तथा राजमिस्त्री के लिए भी एक बैठक का आयोजन हुआ। स्थानीय डीलर मेसर्स ए. एम. इंटरप्राइज़ेज, रायबरेली के प्रोपराइटर श्री मुहम्मद हनीफ के सहयोग से आयोजित इस बैठक में ज़िले के सभी डीलर्स शामिल हुए। शहर के सभी नामी ठेकेदार और राजमिस्त्री इस बैठक में बुलाए गए। श्री संतोष शुक्ला, एजीएम–मार्केटिंग, कामधेनु लिमिटेड ने बैठक के संचालन की जवाबदेही संभाली।

इन सभी बैठकों के आयोजन में कामधेनु डीलर्स ने उत्साहपूर्वक सहयोग दिया। बैठकों के दौरान उपस्थित राजमिस्त्री एवं ठेकेदार बन्धुओं के बीच प्रोडक्ट कैटलॉग तथा मैसन जागरूकता किट का वितरण किया गया। अधिकांश प्रतिभागियों ने पूरी बैठक में जोश–खरोश से भागीदारी की, सवाल पूछे और कामधेनु टीएमटी की तकनीकी विशेषताओं को अच्छी तरह से समझा। राजमिस्त्री बन्धुओं ने कामधेनु उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में जानने के बाद खुशी जाहिर की और वादा किया की भविष्य में वह इन उत्पादों का अधिक से अधिक प्रयोग कर मज़बूत और टिकाऊ मकान बनायेंगे।









RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.09.2016



# दुबई
## टूर पर बिहार डीलर्स

बिहार राज्य कामधेनु लिमिटेड के प्रायोरिटी मार्केट में से एक है। राज्य में तेज गति से हो रहे भवन एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिए कामधेनु उत्पाद बड़ी मात्रा में उपयोग किए जा रहे हैं और कंपनी की बाज़ार हिस्सेदारी लगातार यहाँ बढ़ रही है। उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देने में कामधेनु डीलर्स का भी कंपनी को अच्छा सहयोग मिल रहा है। अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को प्रोत्साहन देने के अपनी बाज़ार नीति के तहत कंपनी नियमित तौर पर डीलर्स इन्सेंटिव योजना निकालती है।

हाल ही में कंपनी ने वित्तवर्ष 2015–16 के दौरान निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने वाले बिहार के इस्पात डीलरों को प्रोत्साहित करने के लिये यू.ए.ई. यानि संयुक्त अरब अमीरात की सैर का आयोजन किया। 22 अगस्त से 26 अगस्त, 2016 के बीच आयोजित दुबई एवं अबु धाबी की 4 रात/5 दिन के आनंददायक टूर पर राज्य के 24 डीलर्स को जाने का मौका दिया गया। राज्य में लाइसेंस के अंतर्गत कामधेनु टीएमटी की निर्माता कंपनी, दादीजी स्टील्स लिमिटेड के मार्केटिंग मैनेजर, श्री अखिलेश सिंह ने इस टीम का नेतृत्व किया।



इस यात्रा के दौरान डीलर्स की टीम ने दुबई में डेज़र्ट सफारी का आनंद लिया। दुबई मॉल में शॉपिंग का अनुभव भी सबने बेहद पसंद किया। यात्रा के दौरान टीम दुबई के कई प्रसिद्ध टूरिस्ट स्पॉट पर घूमने गई और दुनिया की सबसे ऊँची बिल्डिंगों में से एक बुर्ज़ ख़लीफा को भी देखा। दुबई में बड़ा ही अच्छा समय बिताने के बाद टीम अबू धाबी की सैर को गई।




## थाइलैंड घूमने गये बिहार के डीलर्स

इसी दिशा में, कंपनी ने वित्तवर्ष 2015–16 के दौरान निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने वाले बिहार के इस्पात डीलर्स को प्रोत्साहित करने के लिये थाइलैंड की सैर का आयोजन किया। 1 सितंबर 2016 से आयोजित 4 रात/5 दिन की इस मजेदार थाइलैंड यात्रा पर राज्य के 45 डीलर्स को जाने का मौका दिया गया। राज्य में लाइसेंस के अंतर्गत कामधेनु टीएमटी की निर्माता कंपनी, दादीजी स्टील्स लिमिटेड के मार्केटिंग ऑफिसर, श्री श्रवण मिश्रा ने इस टीम का नेतृत्व किया।

इस यात्रा के दौरान डीलर्स की टीम ने थाइलैंड की राजधानी बैंकाक और समुद्रतटीय शहर पट्टाया में सैर का आनंद लिया। पट्टाया में डीलरबंधु प्राइवेट स्पीड बोट में कोरल आइलैंड की सैर पर गये और अंडर वाटर एडवेंचर में भी भाग लिया। टूर पर गई टीम ने क्रूज पर आयोजित डिनर को बेहद पसंद किया। बैंकाक शहर का नज़ारा भी सभी को बहुत पसंद आया। यहाँ आर्ट पैराडाइज़ और स्नो वर्ल्ड जैसे कई प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पर भी सभी गए। पट्टाया और बैंकाक की खूबसूरत जगहों पर बड़ा ही अच्छा समय बिताने के बाद टीम 5 सितंबर 2016 को वापस लौटी।

देश भर में निर्माण सामग्री के लिये उपभोक्ताओं का पसंदीदा ब्राण्ड कामधेनु के उत्पाद बिहार में सफलता के कीर्तिमान बना रहे हैं। राज्य में डीलर्स के मज़बूत नेटवर्क के द्वारा आज कामधेनु टीएमटी रिबार बिहार के कोने–कोने में उपलब्ध है। कामधेनु लिमिटेड हमेशा से डीलर्स को कंपनी के सतत विकास में महत्वपूर्ण सहयोगी मानता है। कंपनी अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलर्स के लिये नियमित रूप से प्रोत्साहन योजना लेकर आती है।

### बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री मार्कंडे जयसवाल
**मेसर्स रोशन लाइम कम्पनी**
सकलडिहा बाज़ार
चन्दौली, उत्तर प्रदेश
फोन : 9838139827

श्री आलोक वर्मा
**मेसर्स अनुराग ब्रदर्स**
मैन मार्किट,
पोस्ट ऑफिस – चुनार
मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश
मो. : 09935651931

श्री मनीष कुमार सिंह
**मेसर्स मनीष बिल्डिंग मैटेरियल**
आर्य समाज रोड,
बलिया, उत्तर प्रदेश
मो : 09919461609

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com